## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 07.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 07.03.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-




आज दिनांकः- 07.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक-06.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 अंकित कुमार यादव मय हमराह हे0कां0 रामकरन सिहं के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त रामपाल पुत्र लच्छू उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम गौहारी खोडा थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक की सफेद बोरी में 20 क्वार्टर देशी नाजायज शराब बरामद करते हुए मो0 किदवई नगर कस्वा व थाना कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 67/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रामपाल पुत्र लच्छू उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम गौहारी खोडा थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 अंकित कुमार यादव
2. हे0का0 रामकरन सिंह



## थाना अजनर की संयुक्त पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 06.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उ0नि0 सुरेश कुमार सचान के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त खेमचन्द्र कुशवाहा पुत्र हरीकिशन उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम अरघटमऊ थाना अजनर जनपद महोबा सम्बन्धित सी0पी0नं0 2807/2021 धारा 3/25 आर्म्स में मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम अरघटमऊ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में उ0नि0 राधा मोहन त्रिवेदी के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त उद्दू उर्फ उदय सिंह पुत्र किस्सू उर्फ केशवदास राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम घंघौरा थाना अजनर जनपद महोबा सम्बन्धित सी0पी0नं0 2998/2021 व अ0सं0 221/2016 धारा 323 भा0द0वि0 में मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम घंघौरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्तों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. खेमचन्द्र कुशवाहा पुत्र हरीकिशन उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम अरघटमऊ थाना अजनर जनपद महोबा
2. उद्दू उर्फ उदय सिंह पुत्र किस्सू उर्फ केशवदास राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम घंघौरा थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-

**प्रथम पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 सुरेश कुमार सचान 2. का0 तुषार सिंह

**द्वितीय पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 राधा मोहन त्रिवेदी 2. का0 सुनील जाटव






## जनपद महोबा में होली पर्व के अवसर पर सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु महोबा पुलिस द्वारा किये गये सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम-

जनपद महोबा में आगामी 13 मार्च को होलिका दहन का कार्यक्रम है, जनपद महोबा में कुल 571 होलिका दहन स्थल हैं, जहां पर परम्परागत तौर पर होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित होता है, जनपद महोबा में रंगों का त्यौहार होली पर्व परम्परा के अनुसार दिनांक- 14/15/16.03.2025 को मनाया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में रमजान माह एवं होली पर्व के दौरान विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं, सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद को 16 सेक्टर में विभाजित कर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया जायेगा।

पुलिस व्यवस्थापन- होली पर्व के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की नामवार ड्यूटी लगायी है जिसमें 30 निरीक्षक, 195 उ0नि0, 228 मुख्य आरक्षी, 692 आरक्षी /महिला आरक्षी, 02 प्लाटून पीएसी, 315 होमगार्ड/पीआरड़ी, 378 ग्राम प्रहरी को विभिन्न संवेदनशीन, मिश्रित आबादी एवं महत्वपूर्ण स्थलों में पुलिस टीम को दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त थाना मोबाइल एवं क्यूआरटी (क्विक रिसपांस टीम) का गठन किया गया है, जो किसी भी विवाद की सूचना पर तत्काल रवाना होगी और कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

यातायात व्यवस्था- जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु रुप से गतिमान बनाये रखने के लिए यातायात प्रभारी के नेतृत्व में 03 एसआई टीपी, 05 हे.का. टीपी, 16 कां. टीपी की ड्यूटियां विभिन्न तिराहों-चौराहों में लगायी गयी हैं।

गोपनीय सूचनाएं- होली पर्व के दृष्टिगत जनपदीय लोकल इंटेलीजेंस को सक्रिय किया गया है, इसके लिए 01 निरीक्षक, 01 उ0नि0, 11 मुख्य आरक्षी/आरक्षी को तैनात किया गया है जिनके द्वारा मुखबिर तंत्र को विकसित कर गोपनीय सूचनाओं का संकलन किया जा रहा है। अराजकता फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

ड्रोन कैमरे से निगरानी- ड्रोन कैमरों के साथ पुलिस टीमों को लगाया गया है प्रमुख, संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निरन्तर निगरानी करते हुए यथास्थिति पर सतर्क दृष्टि रखी जायेगी।

जनपद में विभिन्न होलिका दहन, होली खेले जाने वाले स्थलों सहित पुराने विवादों की समीक्षा करते हुए विभिन्न संवेदनशील हॉटस्पॉट स्थलों (मिश्रिम आबादी वाले स्थल, पूर्व में हुए विवादों के स्थल इत्यादि) का चिन्हीकरण किया गया है जिसके क्रम में सभी हॉटस्पॉट स्थलों में नामवार पुलिस प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

जनता को त्यौहारों के दौरान भयमुक्त माहौल प्रदान किये जाने व अराजकतत्वों पर पैनी रखे जाने के उद्देश्य से UP-112 पीआरवी वाहनों का रि-डिम्प्लॉयमेंट किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रत्येक मंदिर, मस्जिद, मजारों में भारी पुलिस बल की नामवार ड्यूटी लगाई जाने सभी को ब्रीफ किये जाने के साथ-साथ सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिये गये हैं।

यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखते हुए, विभिन्न चिन्हित स्थलों में यातायात पुलिस टीम की नामवार ड्यूटियां लगाने व बैरियर लगाकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही तथा शराब के नशे में हुड़दंग करने वालो पर सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रभारी स्थानीय अभिसूचना इकाई को क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, सूचना तंत्र को विकसित किये जाने तथा किसी भी संवेदनशीलता पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

अग्निशमन टीम को एलर्ट मोड में रखा गया है, जिससे कहीं भी आग लगने की सूचना पर तत्काल घटना स्थल पहुंच आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

इस प्रकार जनपद महोबा में सुरक्षित परिवेश के साथ सभी त्यौहारों/आयोजनों को सम्पन्न कराये जाने की तैयारी की गयी है। पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी थानाक्षेत्र में शान्ति समिति की बैठक कर ली गयी है, जिससे जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ मिलकर जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखते हुए त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस टीम ने चलाया विशेष चेकिंग एवं जागरूकता अभियान-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता का प्रचार-प्रसार किये जाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लाये जाने के उद्देश्य से प्रभारी यातायात महोबा, श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक- 07.03.2025 को जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में मुख्यालय महोबा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न चौराहों, तिराहों, बस स्टैण्ड पर आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन का महत्व बताया जा रहा है साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने से होने वाली जान-माल की संभावित हानि पर चर्चा की और लोगों को सुरक्षित रहने के लिए यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी जा रही है।

इस अवसर पर यातायात जागरुकता पम्पलेट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सभी को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है।

यातायात माह के रोस्टर के अनुसार, नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही भी की जा रही है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।





## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने अवैध गुटखा सहित 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गुटखा सहित अवैध गुटखे के परिवहन में संलिप्त 01 ओमनी वाहन बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में विधि विरुद्ध क्रियाकलापों पर पैनी नजर रखने व ऐसे आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु प्रचलित अभियान "ऑपरेशन धरपकड़" के तहत दिनांक- 07.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान हमीरपुर-सागर रोड एक्सप्रेस वे की तरफ नहर पुलिया के पास वहद कस्बा खन्ना से अवैध रुप से निर्मित गुटखे को मारुती ओमनी कार में लादकर ले जा रहे 03 नफ़र अभियुक्तगण क्रमशः 1. अनिल पुत्र रमेश साहू उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम कस्बा व थाना भरुवा सुमेरपुर जिला हमीरपुर 2. बदरुद्दीन पुत्र इस्लामूद्दीन उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम पिपरौंदा थाना मौदहा जिला हमीरपुर 3. वीरेन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह उम्र करीब 40 नि0 ग्राम खन्ना थाना खन्ना जिला महोबा को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 08 प्लास्टिक के बोरे में निर्मित गुटखा शिवम व 01 अदद गुटखा बनाने की मशीन व 01 अदद बोरी में रैपर रोल व 01 अदद प्लास्टिक की बोरी में उपकरण व इलेक्ट्रॉनिक मशीन व 01 प्लास्टिक की बोरी में आधा बोरी कटी सुपारी जर्दा मिक्श व 01 अदद मारुती ओमनी वैन न0 UP78DE9491 बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर 26/2025 धारा 319(2)/318(4) BNS व 59 खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया, बरामद ओमनी वैन के प्रपत्र न होने पर धारा 207 M.V. ACT के तहत सीज किया गया है।

बरामदगी का विवरणः- 08 प्लास्टिक के बोरे में निर्मित गुटखा शिवम व एक गुटका बनाने की मशीन व एक बोरी में रैपर रोल व एक प्लास्टिक की बोरी में उपकरण व इलेक्ट्रोनिक मशीन व एक प्लास्टिक की बोरी में आधा बोरी कटी सुपारी जर्दा मिक्श व एक अदद मारुती वैन न0 UP78DE9491

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अनिल पुत्र रमेश साहू उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम कस्बा व थाना भरुवा सुमेरपुर हमीरपुर
2. बदरुद्दीन पुत्र इस्लामूद्दीन उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम पिपरौंदा थाना मौदहा हमीरपुर
3. वीरेन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह उम्र करीब 40 नि0 ग्राम खन्ना थाना खन्ना महोबा

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह, SHO खन्ना।
2. उ0नि0 राधेश्याम सिंह 3. उ0नि0 चेतराम4.उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह 5. कां. हरनाम

